दूरभाषः– 9193320333
seeudc3gzb@pvvnl.org
CIN:U31200 UP2003SGC027458

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
33/11 के0वी0 उपस्थान गांधीनगर,
गाजियाबाद।

पत्रांक : 236 / वि0न0वि0मण्डल–तृतीय/गा0बाद दिनांकः– 04-05-23

विषयः:–विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु आदेश।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
विराट वैभव, नई दिल्ली

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्द आत्मा, गाजियाबाद

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र के एक अंक में आपके यह उपलब्ध 8–10 प्वाइंट टाईप और कम से कम स्थान में तुरन्त दिनॉक 06.05.2023 तक प्रकाशनार्थ संलग्न विज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। हैडिंग व नीचे के नाम व पते में भी बडा टाइप न लगायें तथा नाम व पता एक ही लाइन में छापें। विज्ञापन में शीर्ष पर पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 का मोनोग्राम एंव सबसे नीचे इस आदेश की संख्या व दिनॉक भी छोटे से छोटे टाइप में अवश्य प्रकाशित करें। इस निर्देशों के विपरीत छपे विज्ञापनों के बीजकों में आवश्यक कटौती करने के लिए पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 बाध्य होगी।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचना जैसे–बिजली बंद रहने की सूचनाए उपभोक्ता शिविर लगने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा संभव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा ई–निविदा सूचनाओं का प्रकाशन ई–निविदा हेतू निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतू प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क की बीजक तीन प्रतियों मे अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतू प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड विक्टोरिया पार्क मेरठ को प्रेषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन भुगतान संभव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में किया जाये। अंग्रेजी भाषा सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात ही करें जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा ।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्वत एक सप्ताह के अन्दर विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बधित बीजक का सत्यापन भुगतान नही किया जायेगा ।
5. टेन्डर/सूचना इत्यादि यदि आपको सूचना एंव जनसर्म्पक विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन एंव द्रश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन देय स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन प्रकाशित न करें। अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्व इस आश्य से सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाईप में " राष्ट्र हित में बिजली बचायें " का नारा तथा विद्युत चोरी का हेल्प लाइन नम्बर 18001803002 अवश्य दें। संलग्नकः–विज्ञापन सामग्री

भवदीय

(विजय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक : 236/ वि0न0वि0मण्डल–तृतीय/गा0बाद दिनांकः– 04-05-23

प्रतिलिपि निम्न को विज्ञापन सामग्री सहित सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त निविदा को नियमानुसार वेबसाईट पर डलवाने की कृपा करें।
2. मुख्य अभियन्ता (वि0),गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
4. सम्बन्धित निविदा पत्रावली।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
33/11 के0वी0 उपकेन्द्र–गॉधी नगर
गाजियाबाद

भवदीय

(विजय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
33/11 के0वी0 उपकेन्द्र–गॉधी नगर
गाजियाबाद

# पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

33/11 के0वी0 भूमिगत केबिलों में फॉल्ट लोकेट कर मरम्मत करने का कार्य, अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–12/W/2023-24/EUDC-III GZB प्रपत्र शुल्कः–रु0–3540.00(जी0एस0टी0 सहित) धरोहर राशि– रू0–25000.00। निविदा प्रपत्र दिनॉक 19.05.2023 समय 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। निविदा का प्रथम भाग 19.05.2023 को दोपहर 16:00 बजे खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये सम्पूर्ण निविदा अथवा उसके किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदाओं की अर्हता सम्बन्धी विस्तृत सूचना https://etender.up.nic.in तथा निगम की वेबसाईट www.pvvnl.org पर देखी जा सकती है। अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार सम्बन्धित सूचना, यदि कोई होगी तो, केवल वेबसाईट पर डाली जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय,
गाजियाबाद

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
33/11 के0वी0 उपकेन्द्र–गॉधी नगर
गाजियाबाद